# विद्या समीक्षा केंद्र

## चर्चा में क्यों?

उत्तराखंड के [मुख्यमंत्री] पुष्कर सिंह धामी ने निजी स्कूलों को [विद्या समीक्षा केंद्र (VSK)] के अंतर्गत लाने की घोषणा की है,

- यह **पहल डेटा आधारित शासन के माध्यम से शैक्षिक गुणवत्ता सुधारने** की राज्य सरकार की व्यापक रणनीति **के अनुरूप** है।

## मुख्य बिंदु

### विद्या समीक्षा केंद्र (VSK):

- **परिचय**
  - यह एक **डिजिटल अवसंरचना आधारित तंत्र** है, जो **छात्र नामांकन, उपस्थिति, शैक्षणिक प्रदर्शन** और **शिक्षक प्रशिक्षण** जैसे महत्त्वपूर्ण डेटा को **ट्रैक और विश्लेषित** करता है, जिससे प्रशासकों को **विद्यालयी शिक्षा की प्रगति की प्रभावी निगरानी** में सहायता मिलती है।
  - यह प्रणाली [राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020] तथा विभिन्न **शिक्षा योजनाओं** के अनुरूप, **डेटा-आधारित निर्णयों के माध्यम से परिवर्तनकारी सुधार** को संभव बनाती है।
- **उत्तराखंड में VSK कार्यान्वयन**
  - उत्तराखंड भारत का **पहला राज्य** है, जिसने **गुजरात मॉडल पर आधारित विद्या समीक्षा केंद्र (VSK)** को अपनाया है, जिससे स्कूल शिक्षा में **डेटा-संचालित निगरानी और सुधार** को बढ़ावा मिला है।
- **बुनियादी ढाँचे का सुदृढ़ीकरण:**
  - राज्य में **141** [पीएम श्री स्कूल] और [नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालयों] का निर्माण प्रगति पर है।
  - **प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षा** को बढ़ावा देने हेतु **13 ज़िलों** के कई विद्यालयों में **वर्चुअल कक्षाएँ** स्थापित की गई हैं।
- **शैक्षिक गुणवत्ता पर बल:**
  - सभी **सरकारी विद्यालयों** में [NCERT] **की पाठ्यपुस्तकों** को लागू किया गया है ताकि **गुणवत्तापूर्ण शिक्षा** सुनिश्चित की जा सके।
  - **कक्षा 6 से 12** तक के **मेधावी छात्रों** को **सरकारी व निजी दोनों प्रकार के विद्यालयों** में छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है।
  - **नई मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना** के तहत **कक्षा 10वीं व 12वीं** के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को **देशव्यापी शैक्षिक भ्रमण** का अवसर दिया जा रहा है।
- **खेल एवं रोज़गार को बढ़ावा:**
  - राज्य सरकार **खेलों के प्रोत्साहन** पर विशेष ध्यान दे रही है।
  - **राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाड़ियों** को **प्रोत्साहन स्वरूप सरकारी नौकरियाँ** प्रदान की जाएंगी।

## पीएम श्री स्कूल

- पीएम श्री स्कूल भारत में **14,500 से अधिक स्कूलों** को विकसित करने के लिये एक [केंद्र प्रायोजित योजना] है, जिसका प्रबंधन केंद्र, राज्य/केंद्रशासित प्रदेश सरकारों, स्थानीय निकायों, [केंद्रीय विद्यालय संगठन (KVS)] और [नवोदय विद्यालय समिति (NVS)] द्वारा किया जाता है।
- इसे वर्ष **2022-23 से 2026-27** तक क्रियान्वित किया जा रहा है।
- इस योजना का उद्देश्य एक **सुरक्षित**, **समावेशी** और **संसाधन-समृद्ध शिक्षण वातावरण** प्रदान करना है, जहाँ प्रत्येक छात्र को **सम्मान** और **देखभाल** का एहसास हो।
- यह **NEP 2020** के अनुरूप है, जो छात्रों को **सक्रिय**, **उत्पादक** और **ज़िम्मेदार नागरिक** बनने के लिये प्रोत्साहित करती है।
- यह योजना **गुणवत्तापूर्ण स्कूली शिक्षा** को बढ़ावा देती है तथा **नीति**, **अभ्यास** और **कार्यान्वयन** में सहायता करती है।

## उत्तराखंड में शिक्षा से संबंधित योजनाएँ:

- **मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना**: कक्षा 10वीं और 12वीं के **मेधावी विद्यार्थियों** को पूरे भारत में **शैक्षिक भ्रमण** के लिये भेजा जाता

है।

- **मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना**: **सरकारी कॉलेजों** में **स्नातक** और **स्नातकोत्तर** की पढ़ाई कर रहे **मेधावी विद्यार्थियों** के लिये **छात्रवृत्ति**।
- **नंदा गौरा योजना**: **गरीब परिवारों** की **लड़कियों** के लिये **वित्तीय सहायता**।
- **बाल लाभ योजना (UKBOCWWB)**: पंजीकृत **भवन एवं निर्माण श्रमिकों** के **बच्चों** के लिये **वित्तीय सहायता**। कक्षा 1 से लेकर **उच्च शिक्षा** या **व्यावसायिक पाठ्यक्रमों** तक के छात्रों को सहायता प्रदान की जाती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/vidya-review-center